तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 24 जून 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

8 ग्राम हिरोली में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी 24 घंटे में सुलझी...

9 बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर शिक्षकों को ...

खबर संक्षेप

दो पालियों में हुई टीईटी व पीपीटी की परीक्षा

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने रविवार को टीईटी एवं पीपीटी परीक्षा का आयोजन किया। इस दौरान टीईटी के लिए दो पालियों में परीक्षा हुई। पहली पाली के लिए 15 केंद्र बनाए गए थे, जहां 5868 अभ्यर्थियों की व्यवस्था थी, लेकिन 3725 ने परीक्षा दी और 2143 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 23 केंद्रों में 8839 परीक्षार्थियों में से 5842 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 2997 अनुपस्थित रहे। वहीं पीपीटी परीक्षा के लिए 727 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनके लिए 2 केंद्रों में व्यवस्था की गई। इनमें से केवल 141 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 586 ने परीक्षा दी ही नहीं। इसके नोडल अधिकारी अजय सिंह ठाकुर रहे।

मिट्टी डाल रहा टिप्पर का ट्राला पलटा, घंटों लटका रहा चालक

जगदलपुर। धरमपुरा मार्ग में निर्माणाधीन सड़क किनारे मिट्टी डाल रहे टिप्पर का ट्राला पलटने के बाद चालक बाल बाल बच गया। घंटों टिप्पर के ड्राईविंग सीट पर चालक लटका रहा। इसके बाद घटना की जानकारी मिलने के बाद यातायात पुलिस मौके पर पहुंचकर टिप्पर के चालक को सुरक्षित जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। यातायात डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि देवकी विहार के करीब सड़क के किनारे मिट्टी डाला जा रहा था। इसी दौरान एक टिप्पर ट्राला मिट्टी खाली करने के दौरान अगला हिस्सा उठ गया। इस दौरान चालक ड्राइविंग सीट पर घटों लटका रहा, जिसे जेसीबी की मदद से सुरक्षित उतारा गया। दरअसल हाईड्रोलिक टिप्पर से मिट्टी डालने के दौरान वजन के चलते ट्राला जमीन पर धंस गया और अगला हिस्सा उपर उठ गया। गौरतलब है कि नवोदय स्कूल व देवकी विहार के बीच सड़क के किनारे मिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा है। इसी दौरान हुए हादसे में टिप्पर का चालक बाल- बाल बच गया, जिसे समय रहते उतार लिया गया।

सार्वजनिक शराबखोरी एक युवक पकड़ाया

कांकेर। कच्चे चौकी अंतर्गत कालगांव से सिवनी जाने वाले मार्ग पर शराब का सेवन कर रहे आरोपी कालागांव निवासी 40 वर्षीय मंगेश कुमार संघोड़िया पिता स्व. राजूराम को पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी सार्वजनिक स्थान पर 22 जून को शाम 4 बजे शराब का सेवन करते पाया गया। आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब और डिस्पोजल गिलास को जप्त कर धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

नाबालिग लड़के ने घर में फांसी लगा की खुदकुशी

कांकेर। कांकेर थानांतर्गत अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 16 वर्षीय दिपांशु पटेल पिता कमलेश ने 22 जून को सुबह 7 से 8 बजें के बीच घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शांति नगर कांकेर निवासी 31 वर्षीय दुर्गेश ठाकुर ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने घर के दरवाजा को अंदर से बंद करके कमरे में दुपट्टा से फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

नेशनल हाईवे पर चलते ट्रक में लगी आग, बाल- बाल बचा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहे चलते ट्रक में आग लग गई। हादसे में काई जनहानि नहीं हुई है। ट्रक में आग लगा देख चालक ने कूदकर बचाई जान। आगजनी की खबर के बाद जब तक फायरब्रिगेड की टीम पहुंचती ट्रक जलकर खाक हो चुका था।

- एनएच 30 स्थित महेन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के सामने की घटना

दमकल टीम के आते तक ट्रक जलकर हुआ खाक

जले ट्रक को हाईवे से हटाया गया

आगजनी की खबर ट्रैफिक पुलिस द्वारा फायर ब्रिगेड को दी गई। जिसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता ट्रक जलकर खाक हो चुका था। इधर घटना की जानकारी पुलिस को लगने के बाद आगजनी में जले ट्रक को हाईवे से हटाकर आवागमन बहाल किया गया। बहरहाल ट्रक किसकी थी और उसमें आग कैसे लगी इस बात का पता लगाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक एमपी पासिंग नम्बर की ट्रक रविवार को जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहा था। तभी नए पुल के आगे एनएच 30 स्थित महेन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के सामने ट्रक में आग लग गई। ट्रक में आग लगा देखकर ट्रक का चालक किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि चालक ट्रक को रिपेयरिंग के लिए रायपुर की ओर लेकर जा रहा था, तभी आगजनी की घटना हुई।

तेलंगाना को छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी सालाना 80 लाख रुपए का करती है भुगतान

तेलंगाना की बिजली से रोशन हो रहे छत्तीसगढ़ राज्य के दो जिलों के 27 गांव के 1206 घर

महेन्द्र विश्वकर्मा ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर में बसे धुर नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में पामेड़ क्षेत्र और सुकमा जिले के बंडा क्षेत्र के लगभग बीपीएल 1206 घर एवं पामेड़ सहित 17 सुरक्षा बल के कैम्प तेलंगाना की बिजली से जगमगा रहे हैं। यहां फाल्ट सुधारने के लिए लाइनमेन और हेल्पर भी नियुक्त किया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी तेलंगाना के बिजली विभाग को हर साल 80 लाख रूपए बिजली बिल का भुगतान कर रही है। बीजापुर जिला मुख्यालय से लगभग 210 किलोमीटर दूर तेलंगाना सीमा से लगा हुआ छत्तीसगढ़ का पामेड़ क्षेत्र के 3 गांव, इसके अलावा सुकमा जिले का किष्टाराम क्षेत्र में 17, मरईगुड़ा क्षेत्र के 7 गांव के 1206 बीपीएल घर, पामेड़ सहित 17 सुरक्षा बल के कै म्प हैं। यहां पावर सप्लाई तेलंगाना राज्य से खरीदकर रोशन किया गया है, इससे 1206 बीपीएल परिवारों को मुफ्त बिजली देने मे सफलता मिली है। यहां के गांव अब रात में बिजली की रोशनी से जगमगाने लगे हैं। तेलंगाना राज्य के चेरला तिपापुरम सब-स्टेशन से 11 केवी फीडर से पामेड़ गांव में बिजली आपूर्ति की जा रही है। पामेड़ के पास के अन्य गांव तोंगगुड़ा और टेकलेयर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा है। तेलंगाना तिपापुरम से पामेड़ की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है। गांव की आबादी के हिसाब से आंगनबाड़ी, स्कूल, आश्रम शालाएं, पुलिस कैंप, मोबाइल टावर और अस्पताल ⏭शेष पेज 8 पर

- बीपीएल के 1206 घर व पामेड़ सहित 17 सुरक्षा बल कैम्प शामिल



बोर खुदवाया पर शुरू नहीं हो सका उपकेन्द्र

बताया जा रहा है कि विद्युत कंपनी के ठेकेदार ने एक वर्ष पूर्व सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिले के ग्राम बंडा में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा देने के उद्देश्य से उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू किया। इसके लिए बोर भी खुदवाया और उपकेन्द्र के लिए जमीन को समतल करने के लिए कर्मचारी पहुंचे तो नक्सलियों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट किया। उसके बाद से यहां उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के लगभग 24 गांव छत्तीसगढ़ की बजाय सीमावर्ती राज्य तेलंगाना की बिजली का उपयोग कर रहे हैं।

उपकेन्द्र से मिलेगी राहत

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि अभी तेलंगाना से बिजली ले रहे हैं, लेकिन बहुत जल्द तर्रेम-चिन्नगेलूर होते हुए छुटवाई-कोंडापल्ली से धमारम पामेड़ के लिए लाइन बिछानी जानी हैं। यह सब स्वीकृति है, जिससे जिला मुख्यालय से दूरी भी कम हो जाएगी। सुकमा जिले के बंडा एवं बीजापुर जिले के कोंडापल्ली में उपकेन्द्र का निर्माण किया जाएगा, इससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

दक्षिण-पश्चिम मानसून का बस्तर में दिखा असर

सुकमा प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा का रहा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दक्षिण-पश्चिम मानसून का असर बस्तर में दिखने लगा है। शनिवार को बस्तर संभाग के सुकमा जिले में सर्वाधिक 90 एमएम वर्षा दर्ज की गई। जबकि सम्भाग के अन्य जिलों में भी अच्छी बारिश हुई है। रविवार को आसमान दिनभर काले बादल के आगोश में समाया रहा। संभाग मुख्यालय में देर शाम तक छुटपुट बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने एक दिन पहले शनिवार को वर्षा के आंकड़े जारी करते प्रदेश में सर्वाधिक बारिश होने जिला मुख्यालय सुकमा को केंद्रित किया है। जबकि इसी दौरान बस्तर संभाग के भोपालपटनम, तोकापाल, बड़े बचेली, दंतेवाड़ा और बड़े राजपुर में 50 एमएम वर्षा दर्ज किया है। वही भैरमगढ़ और बस्तर में 40 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। जबकि जगदलपुर, बकावंड, कोंटा, पखांजुर और लोहंडीगुड़ा में 30 एमएम व दरभा, गीदम, बस्तर, माकड़ी, पखांजुर, बारसूर और जगरगुंडा में 30 एमएम वर्षा दर्ज किया है। रविवार को वायुमण्डल में एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिण राजस्थान से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। साथ ही एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर 1.5 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके अलावा एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से तटीय महाराष्ट्र तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

- भोपालपटनम, तोकापाल, बचेली, दंतेवाड़ा में अच्छी बारिश

अलग-अलग सिस्टम से बारिश के आसार

मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक प्रदेश में सोमवार को वायुमण्डल में बने अलग-अलग सिस्टम से प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छिंटे पड़ने की संभावना है। जबकि एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है।

डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन मूल्यों को आत्मसात करें कार्यकर्ता: देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिला कार्यालय में नगर मंडल द्वारा आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कार्यकर्ताओं से डा. मुखर्जी के बताये मार्ग पर चलने व उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने कहा। उन्होंने डा. मुखर्जी का स्मरण करते हुये कहा कि आज का दिन भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मनाती है। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा देश सहित राज्यों में सत्तासीन है। जो हमारे महापुरुषों की तपस्या व बलिदान के कारण ही संभव हो पाया है। उनके आदर्शों ⏭शेष पेज 8 पर

- भाजपा ने डा. मुखर्जी को याद कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

तीसरे दिन भी डटे रहे आंदोलन में स्वास्थ्य कर्मी

जगदलपुर। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का तीन मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन रविवार को तीसरे दिन भी रहा। इसमें प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी, पेंशन कल्याण संघ द्वारा समर्थन किया। संघ द्वारा तीन सूत्रीय मांग सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लंबित कार्य आधारित वेतन पीएलपी का भुगतान माह मई 2024 का पूर्ण किया जाए। आगामी माह से नियमानुसार प्रत्येक माह के 15 तारिख के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुऐ उनके गृह मे स्थानान्तरण देने हेतु छूट प्रदाय किया जाए। मुख्यालय निवास का दायरा मुख्यालय ⏭शेष पेज 8 पर

- तीन मांगों को लेकर कर रहे हड़ताल

पर्यवेक्षक आएंगे कल, नेता प्रतिपक्ष का चुनाव करेंगे

उदय, राजेश और सुनीता दौड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर सत्ता में साढ़े 4 साल तक कांग्रेस की सरकार थी, महापौर सफीरा साहू समेत कुछ पार्षदों के भाजपा में चले जाने से नगर सत्ता में भाजपा की सरकार आ गई। नगरीय निकाय के चुनाव में 5-6 महीने का समय बाकी है। पिछले दिनों भाजपा संगठन ने एमआईसी टीम का गठन कर दिया है। विपक्ष में चले जाने से कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष का चुनाव करेगी। प्रदेश कांग्रेस ने विधायक देवेन्द्र यादव और कांग्रेस नेता नरेश ठाकुर को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जो जगदलपुर आकर कांग्रेस पार्षदों से रायशुमारी करेंगे और नेता प्रतिपक्ष का चुनाव करेंगे।

मिली जानकारी के मुताबिक नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में पार्षद उदयनाथ जेम्स, राजेश राय और सुनीता सिंह शामिल हैं। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने हरिभूमि से कहा कि 25 जून को दोनों पर्यवेक्षक कांग्रेस भवन में पार्षदों की बैठक लेकर उनकी राय जानेंगे। पार्षदों के मंशानुसार एक को नेता प्रतिपक्ष चुना जाएगा। जिनके नेतृत्व में नगर निगम में सभी कांग्रेस पार्षद महापौर और भाजपा के जनविरोधी कार्यों को उजागर करेंगे।

वन-टू-वन पार्षदों से रायशुमारी

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष का चुनाव 4-5 महीने के लिए हो रहा है इसलिए पर्यवेक्षक इस मामले में किसी बड़े नेता की पसंद या नापसंद पर ध्यान न देकर पार्षदों की राय को महत्व देंगे। पर्यवेक्षक एक-एक पार्षद से अलग-अलग चर्चा कर उनके विचार सुनेंगे। जिसके पक्ष में बहुमत रहेगा उसे ही नेता प्रतिपक्ष बनाया जाएगा।

संजय नेता प्रतिपक्ष से अब पार्षद

भाजपा के मुखर और तेजतर्रार पार्षद संजय पांडेय पूरे साढ़े 4 साल नेता प्रतिपक्ष रहे। उन्होंने महापौर समेत कांग्रेस के भ्रष्टाचार समेत कई मामले को उजागर किया। अब महापौर भाजपा में आ गई इसलिए एमआईसी की टीम में भाजपा के पुराने पार्षद और कांग्रेस से भाजपा में आए पार्षद भी शामिल किए गए हैं। एमआईसी में संजय पांडेय का नाम नहीं होना शहर में चर्चा का विषय बना रहा। इसे भाजपा और कांग्रेस के नेता भाजपा की गुटीय राजनीति का शिकार होना बता रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष से सीधे पार्षद रह जाना इसका ही नतीजा है वरना उन्हें एमआईसी में रहना था।

भाजपा नगरनार मंडल ने मारकेल शक्ति केंद्र में मनाया बलिदान दिवस

देश की एकता अखंडता के लिए श्यामा प्रसाद ने दी प्राणों की आहुति : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा नगरनार मंडल ने डॉ. श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मारकेल शक्ति केंद्र में मनाया। मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे लोगों का जन्म वर्षों बाद होता है। जिन्होंने मंत्री पद का त्याग कर सिद्धांतों के लिए देश की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने कहा हमें पंडित श्यामा प्रसाद के आदर्शों पर चलकर देशहित व लोक हित में काम करना चाहिए। देशहित में पद का त्याग कर देश के लिए सर्वस्व देना डा. मुखर्जी ने सिखाया है। भाजपा के लोग बड़े से बड़े पद शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर न्यौछावर कर देते है। हमें अपनी जिम्मेदारी का पालन कर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जनहित में काम करना है। सेवा पखवाड़ा के रूप में अनेक कार्य 6 जुलाई तक करना है। आने वाले पंचायत के त्रिस्तरीय चुनाव में सभी ग्राम, जनपद एवं जिला पंचायत में भाजपा के लोग जीते, जिससे सरकार की हर योजना का लाभ लोगों को मिले। संचालन राधे श्याम पंद्रे ने किया।

- डा. मुखर्जी के आदर्शों पर चलकर देश व लोकहित में करें काम

ये रहे उपस्थित

इस दौरान रघुराम सेठिया, दयाराम बघेल, विद्याधर सेठिया, घनश्याम सेठिया, महादेव बघेल, गीता मिश्रा, महेंद्र सेठिया, रूपेश समरथ, विकास सिकदार, तपन राय, सूरज नाग, खगेश देवांगन, जुगल सेठिया, लक्ष्मी घरत, सविता साहनी, संगीता बघेल, पप्पू चालकी, दिनेश सेठिया, मोरध्वज सेठिया, श्याम सेठिया, मनीष चालकी, सीमांचल दास, सुरेश ठाकुर, जितेंद्र बकड़ा, हरि सिंह चालकी समेत कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप

योग सभी के लिए एक अच्छे मित्र की तरह : चंदन

भखारा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत भखारा में आयोजित योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों छात्र-छात्राओं एवं नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत भखारा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदन मानकर ने कहा कि योग सभी के लिए एक अच्छे मित्र की तरह है, जो शरीर, दिमाग और भावनाओं के लिए एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है। यह शारीरिक शक्ति, सहनशक्ति और ऊर्जा का निर्माण करने में मदद करता है, साथ ही बढ़ती एकाग्रता, शांति और संतुष्टि जैसा मानसिक लाभ भी दिलाता है। योग से अंदर और बाहर संतुलन बना रहता है। योग रोजमर्रा की जिंदगी के तनाव से निपटने का एक साधन है।

कंडेल कॉलेज में मनाया गया योग दिवस

पुरी। शासकीय महाविद्यालय कंडेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रशिक्षक रोबिंद्र प्रजापति एवं बसंत कुमार साहू ने रासेयो स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ को प्राणायाम, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका का आसन सिखाया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रविश दास ने कहा कि इन आसनों के माध्यम से हमें न सिर्फ शारीरिक समस्याओं से निजात मिलेगी अपितु आत्मिक शांति भी मिलेगी। योग के माध्यम से विद्यार्थियों में शारीरिक सुदृढ़ता एवं अनुशासन जैसे प्रमुख गुण विकसित होते हैं। मुख्य प्रशिक्षक रोबिंद्र प्रजापति ने कहा कि योग से आज हम अपना करियर भी बना सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता भी ला सकते हैं। सहयोग प्रशिक्षक बसंत कुमार साहू ने कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। मौके पर सहायक प्राध्यापक एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिन्हा, सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, कमलेश दीवान, नूतन दीवान समेत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मौजूद थे।

शाला प्रांगण में 40 लोगों ने किया योग

नगरी। विश्व अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला बिंद्रा नवागांव शाला प्रांगण में योग का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति, सरपंच, बच्चे, रसोईया, सहायक रसोईया, सफाई कर्मचारी समेत 40 लोगों ने योग किया। मौके पर सरपंच शैल कुमारी कुंवर सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शाला, पेमीन अध्यक्ष माध्यमिक शाला, हनुमति बाई, उत्तरा बाई, धनेश्वरी, रेवती, कांति, ममता खालसा प्रधानपाठिका प्राथमिक शाला, गौरी गुप्ता प्रधानपाठिका माध्यमिक शाला, विद्या सोनी, प्रतिभा, हेमलता साहू, गायत्री साहू, पीयूष, टेकराम, अंजलि, आयुष, तोकेश्वर उपस्थित थे।

श्यामा प्रसाद स्मृति दिवस पर विधायक उसेंडी ने किया 'एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस के अवसर पर 23 जून को जिला मुख्यालय कोण्डागांव में एक पेड मां के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी ने फॉरेस्ट कॉलोनी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया। पौधारोपण के अलावा फॉरेस्ट कॉलोनी में स्थानीय मांग अनुसार 3 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जाने वाले सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन किया गया है। विधायक लता उसेंडी को अपने बीच पाकर स्थानीय वासियों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। त्वरित निदान का आश्वासन विधायक लता उसेंडी द्वारा दिया गया है।

जानकारी अनुसार भारतीय जनसंघ पार्टी, जो बाद में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 23 जून को स्मृति दिवस कोण्डागांव में भी मनाया गया। कोण्डागांव में उनकी स्मृति दिवस के अवसर पर विधायक लता उसेंडी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, पार्षद सोनामणि पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव, अंकुश जैन, सतीश सोनी व अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की मिली सौगात

देशसेवा की प्रेरणा मिली

इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक लता उसेंडी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की बलिदान दिवस पर भाजपा 23 जून से लेकर 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम और स्वच्छता अभियान कार्यक्रम रख रही हैं, जो 6 जुलाई उनकी जयंती तक पखवाड़े के रूप में चलेगा। विधायक लता उसेंडी ने आगे कहा कि, उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करती हूं, जिनके बदौलत आज भारतीय जनता पार्टी को सेवा करने का उन्होंने दिशा प्रदान किया था। उस दिशा में आज सफलता के साथ सेवा करने का अवसर छत्तीसगढ़ प्रदेश और देश में मिला है। उनके मनोभाव के अनुसार कार्य योजना तैयार करके उनकी प्रेरणा से प्रेरित होकर हम देशसेवा के लिए कार्य करने जा रहे हैं।

सफलता : आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

ग्राम हिरोली में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी 24 घंटे में सुलझी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत ग्राम हिरोली में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को किरन्दुल पुलिस ने सुलझाते हुए महज 24 घण्टों के अंदर हत्या के प्रकरण में शामिल 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 20 जून को हिरोली कोयापारा व टेकापारा के आस-पास ग्रामीणों द्वारा गढ्ढा पण्डुम त्यौहार मनाया जा रहा था, त्यौहार में हिरोली ग्राम के समस्त ग्रामवासी एकत्रित हुए थे। पण्डुम में डोक्कापारा निवासी नंदा मण्डावी भी गया हुआ था। पण्डुम समाप्त होने के बाद भी देर रात तक उसके घर वापस नहीं आने पर परिजनों द्वारा पता तलाश किया गया। पता तलाश दौरान 21 जून के प्रातः 7 बजे हिरोली डोक्कापारा निवासी नंदा मण्डावी की लाश टेकापारा से लगभग 500 मीटर दूर हिरोली मुख्य मार्ग से लगभग 60-70 मीटर अंदर जंगल झाड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों में पायी गई। जिस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। मृतक के बेटे सोमारू मण्डावी के रिपोर्ट पर उक्त मामले में थाना किरन्दुल में मर्ग क्रमांक 25/2024 धारा 174 जा.फौ. तथा अपराध क्रमांक 44/2024 धारा 302 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश प्राप्त होने पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके.बर्मन एवं उप पुलिस अधीक्षक कमल जीत पाटले के मार्गदर्शन में प्रकरण के आरोपियों के पता तलाश व गिरफ्तारी हेतु मुखबिर लगाया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान घटनास्थल रवाना होकर घटनास्थल निरीक्षण, शव निरीक्षण, पंचनामा कार्रवाई, ग्रामीणों व परिजनों से पूछताछ कर,मृतक के शव का पीएम कराया गया। 22 जून को मुखबिर के जरिये सूचना मिलने पर ग्राम हिरोली सरपंचपारा में पुलिस द्वारा दबिश देकर 2 संदिग्ध आरोपियों भूमा कड़ती पिता लिंगा कड़ती उम्र 30 वर्ष एवं बुधराम तामो पिता स्व. नंदा तामो उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी सरपंचपारा हिरोली, थाना किरन्दुल जिला दन्तेवाड़ा को थाना किरन्दुल लाकर पूछताछ किया गया, जो उक्त अपराध कारित करना स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि ग्राम हिरोली के गढ्डा पण्डुम त्यौहार दौरान उक्त दोनों आरोपियों का डोक्कापारा निवासी नंदा मण्डावी से वाद-विवाद हुआ था।

■ पण्युम त्यौहार में शामिल होने गया था, दूसरे दिन मिली थी लाश

मामूली वाद- विवाद पर हुई हत्या

वाद-विवाद से आरोपी भूमा कड़ती व बुधराम तामो इतना क्रोधित हो गये कि पण्डुम में ही डोक्कापारा निवासी नंदा मण्डावी को जान से मारने की योजना बनाते हुए मौका मिलते ही हत्या की उक्त घटना को अंजाम दिए।

हत्या में प्रयुक्त गमछा व कपड़े बरामद

आरोपियों के मेमोरेंडम कथन अनुसार घटना में प्रयुक्त सफेद रंग का गमछा एवं घटना के समय पहने कपड़े को जब्त कर आरोपियों को 22 जून को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

युवा कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

रविवार को युवा कांग्रेस द्वारा नीट और यूजीसी नेट परीक्षा घोटालों में विद्यार्थियों के साथ हो रही धोखाधड़ी के खिलाफ कोंडागांव जिले के केशकाल ब्लाक के ग्राम बहीगांव चौक में जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पितांबर नाग और विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम के नेतृत्व में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया । साथ ही प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य रूप से पितांबर नाग जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस कोण्डागाँव, संजय मरकाम विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस केशकाल, हीरासिंह नेताम सरपंच, महेश नेताम जनपद सदस्य, खिलेश्वर मरकाम जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ युवा कांग्रेस कोण्डागाँव दयाशंकर मरकाम, वेदप्रकाश नेताम, दिनेश नेताम, विक्रांत नेताम,अजय मण्डावी, सौरभ मण्डावी, अजय मरकाम, राजेन्द्र मरकाम,संजय मण्डावी, संजीत मण्डावी, सोमारू, रूप से उपस्थित रहे।

■ बहीगांव चौक में फूंका और जमकर की नारेबाजी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के तत्वाधान में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण कोंडागाँव ब्लॉक और फरसगाँव ब्लॉक में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों और पूर्व सैनिकों के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। विदित है कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वावधान में कोंडागाँव ब्लॉक, फरसगाँव ब्लॉक, केशकाल ब्लॉक और बडेराजपुर ब्लॉक में प्रतिदिन निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान भी चलाया जाता है। पूर्व सैनिकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को जागरूक किया जा रहा है कि हम सभी को अपने आस–पास के वातावरण को स्वच्छ बनाना है। कोंडागाँव ब्लॉक में बंधा तालाब पार्क के चारों ओर तथा फरसगाँव ब्लॉक में स्टेडियम के चारों ओर पूर्व सैनिकों और प्रशिक्षणार्थियों ने मिलकर साफ – सफाई की।

■ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत की गई साफ- सफाई

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कोंडागाँव ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव और फरसगाँव ब्लॉक में ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, सेवारत सैनिक रूपेश कुमार और कोंडागाँव ब्लॉक और फरसगाँव ब्लॉक में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे कुल 250 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मयूर डोंगर में किया योगाभ्यास

कोण्डागांव। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोंडागांव जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूर डोंगर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग के लाभों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और योगाभ्यास भी किया गया । इस अवसर संस्था के प्राचार्य मुकेश सैमसन, सहित पूरा स्टाफ व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

जनसहयोग से परदेशीन माता मंदिर का निर्माण समाज की बड़ी उपलब्धि : लता

परदेशीन माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव कि विधायक भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ग्राम पंचायत नीलजी के कतावंड में ग्रामवासियों द्वारा जनसहयोग से बनाए गए परदेशीन माता के मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुईं। ग्रामवासियों द्वारा लता उसेंडी का ढोल बाजा नाच गाना के साथ भव्य स्वागत किया गया।

विधायक उसेंडी ने कहा कि ग्राम कतावंड के ग्रामवासी ने एक मिसाल पेश की है। गांव में लगभग 140 घर हैं। सभी घर के जनसहयोग से आज मां परदेसीन माता का भव्य मन्दिर बन कर तैयार हुआ। मेरा सौभाग्य हैं कि मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुईं हूं। ग्रामवासियों के मांग पर विधायक लता उसेंडी ने तत्काल 10 लाख रुपए लागत के सामुदायिक भवन, और बोर के लिए भी घोषणा की।

■ मांग पर उसेंडी ने 10 लाख रुपए भवन निर्माण के लिए देने की तत्काल घोषणा की

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर मंडल के प्रभारी जितेन्द्र सुराना मंडल अध्यक्ष मीनू कोर्राम, महामंत्री महेन्द्र पांडे, हरी देवांगन, सोनामणि, रामचंद नेताम, महेन्द्र नेताम, चमरू राम, दशरथ पोयाम, मोती पांडे, मनीष साहू, मनीराम, गणेश, रामदेव, रमेश राम, युवराज, चंदर पोयम सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

भोथीपार में योग के महत्व पर प्रकाश डाला

कोर्रा(भखारा)। शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया एवं दैनिक जीवन में योग को शामिल करने अपील की गई। कार्यक्रम में शिक्षक टीकाराम सिन्हा, सतीश कुमार साहू, हिरेंद्र कुमार सोनबर, सुरेंद्र कुमार साहू, भेमलाल साहू, एकनाथ साहू, गोपेश्वर साहू, गोविंदराम साहू, श्रीमती खोमिन साहू, श्रीमती पूर्णिमा सिन्हा, श्रीमती रामेश्वरी साहू, श्रीमती शारदा साहू, भूषणलाल पटेल,पोषण साहू, श्रीमती कोमिन यादव, श्रीमती राम्हीन साहू, भैयालाल साहू और बिहान समूह की बहनें उपस्थित थीं।

गांवों के मार्गों की हालत भी हो रही खराब

रेत का बेखौफ उत्खनन, नदी- नालों की बदल दे रहे दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनौरा

रेत तस्करों ने बड़े राजपुर तहसील के धामनपुरी नदी में बेखौफ बदस्तूर लगातार मशीन लगाकर बहुत गहराई तक खुदाई करते हुए दिशा ही मोड़ दी है। गांव के मार्गों की हालत खराब कर दी है। शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

ज्ञात हो कि सुनियोजित ढंग से पिछले कई वर्षों से रेत तस्करी का धंधा करने वालों ने प्रति वर्षों करोड़ों रुपए की रेत सीमावर्ती राज्य ओडिशा में भेज रहे हैं। रेत तस्करी में लगे टिप्परों का नम्बर प्लेट निकालकर रख दिया गया है। ताकि कोई इन टिप्परों का नम्बर सहित शिकायत कर पकड़वा न सके। हादसा होने पर भी नंबर सहित कोई शिकायत नहीं कर सके। नदी से रेत भरकर दिनरात निकलने वाले टिप्परों के चलते गांव के कच्चे मार्गों का और कम दाब क्षमता के बनी डब्लूबीएम सड़क एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं लोक निर्माण विभाग के सड़कों की इन तस्करों ने हालत खराब कर डाली है।

अवैध रेत उत्खनन के संबंध में निचले स्तर के अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक सभी को जानकारी है, इसके बावजूद कोई कार्रवाई की जाती है।

■ शिकायत बार बार पर नहीं हो रही कार्रवाई

पेज 7 के शेष

तेलंगाना की बिजली ....

कि सुविधाएं संचालित हो रही हैं। धीरे-धीरे गांव को सर्व सुविधा युक्त बनाने सरकार प्रयास कर रही है। गांव कि हालत पहले से बेहतर होती जा रही है। बताया जा रहा है कि सुकमा जिले के बंडा एवं तोंगगुड़ा में उपकेन्द्र बनने से तेलंगाना की बिजली की जरूरत नहीं पड़ेगी, छत्तीसगढ़ की बिजली से उक्त गांव रोशन हो सकेंगे। पामेड़ इलाके मे विद्युत कंपनी ने लाइनमेन और हेल्पर की नियुक्ति भी की गई है। कर्मचारी हमेशा उसी गांव में रहते हैं, लाइन में कोई फाल्ट होने पर तत्काल सुधार का कार्य किया जाता है।

तीसरे दिन भी....

से 8 किमी की परिधि मे निवास करने के लिए छूट दिया जाए।

आंदोलन में ये रहे शामिल : तीसरे दिन आंदोलन में जिलाध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार, संभागीय अध्यक्ष रुपेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्र पांडे, दयानद पटेल, जिला संयोजक सुरेश ठाकुर, हनुमंत राव, नीरज मामड़ीकर, रीमा दानी, स्मृता कच्छ, अमृत, कूदमनी, सुमन, अदिति, शिवानी, पूर्णिमा, ओजस्वी, खेमेनद्री, चेतना शर्मा शामिल रहे।

डा. श्यामा प्रसाद...

को अपना कर, उनके विचारों को साकार रूप प्रदान करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पण भाव से उनके आदर्शों पर चल कर कार्य करे। नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी, नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने भी संबोधन दिया व उनके जीवन में प्रकाश डाला। संचालन संग्राम सिंह राणा व आभार आर्येन्द्र सिंह आर्य ने माना।

ये रहे मौजूदः इस दौरान विद्या शरण तिवारी, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, गोदावरी साहू, राजेन्द्र बाजपेयी, अश्विनी सरडे, ललिता बघेल, आलोक अवस्थी, मनोहर तिवारी, सुधा मिश्रा, रामकुमारी यादव, भारती श्रीवास्तव, त्रिवेणी रंधारी,रीना घोष, बी. जयराम, शैलेंद्र भदौरिया, आशुतोष पाल, योगेश शुक्ला, संतोष बाजपेयी, प्रकाश झा, शशिनाथ पाठक, दिनेश केजी, विनय राजू, नरेन्द्र पाणिग्रही, राजेश श्रीवास्तव, विक्रम सिंह यादव, फिरोज बस्तरिया, राजेश दास, यशवर्धन राव, दिगम्बर राव, उमाकांत सिंह, छबिलेश्वर जोशी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

गीदम में सांसद ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात

गीदम। बस्तर सांसद महेश कश्यप गीदम पहुंचे। यहां उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। बस्तर सांसद के साथ-साथ बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय व भाजपा नेता श्रीनिवास मद्दी भी यहां पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा नेता मनीष सुराना व व्यापारी संघ गीदम के पूर्व अध्यक्ष रजनीश सुराना के घर पहुंचे और उनकी दिवंगत माता स्व. राधा बाई सुराना को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात हारम में भाजपा नेता दीपक बाजपाई के घर में भी उनकी दादी स्व. गंगा देवी बाजपाई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे।

न्यायालय के शिविर में लोगों ने किया रक्तदान

जगदलपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और विश्व रक्तदान दिवस पर बस्तर जिला सत्र न्यायालय, न्यायिक कर्मचारी संघ ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें न्यायालय के अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ताओं ने रक्तदान किए। जिसका उद्देश्य बस्तर संभाग के दूर दराज अंचलों के ग्रामीणों व अस्पताल में भर्ती मरीजों को समय पर खून मिल सके। इस दौरान मनीष कुमार ठाकुर, राकेश तिवारी, राजेश पाण्डे, सत्यदेव पांडे, संजय ठाकुर, वरुण दास, संजय विश्वकर्मा, मेडिकल कॉलेज डिमरापाल स्टॉफ डॉ. यतेन्द्र सीएमओ, डॉ.कुलदीप गंगवार, असीमा, रूहा, स्मृता स्वामी, सुनीता मौर्य, देवेन्द्र ठाकुर, प्रताप कश्यप, दिनेश पोयाम, भीखम साहू, धनेश्वरी साहू, लछमी नारायण शर्मा, रमेश पोटाई उपस्थित रहे।

विहंगम योग संत समाज ने मनाई कबीर जयंती

गीदम। कबीर जयंती व सद्गुरु प्रकट दिवस विहंगम योग संत समाज के द्वारा नगर के सत्संग हाल में भव्य रूप से मनाई गई। इस दौरान जिले के सभी पदाधिकारीगण उपदेष्टा, मातृशक्ति, ब्लॉक संयोजक, केंद्र प्रभारी, युवा प्रचारक समस्त गुरु भाई बहनों ने एक कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र के सुख, शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात सभी ब्लॉकों से दूर-दूर अंचल ग्रामों से आए हुए गुरु भाई-बहनों ने महा प्रसाद ग्रहण किया।

एनएमडीसी परियोजना में मनाया गया योग दिवस

किरंदुल। एनएमडीसी परियोजना में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर परियोजना विद्यालय में योगाभ्यास किया गया। सर्वप्रथम परियोजना प्रबंधन समिति के एम. सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक विद्युत, एसके. कोचर महाप्रबंधक खनन ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यकम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों ने जीवन में योग के अनन्य महत्व को रेखांकित किया। बीके. माधव उप महाप्रबंधक कार्मिक ने स्वागत भाषण में कहा कि योग जीवन का अभिन्न अंग है। व्यक्ति को अपने आरोग्य को चुस्त-दुरस्त रखने के लिए नियमित योगाभ्यास करना चाहिए। योग प्रशिक्षक राजेश सिन्हा, तुलेश्वर निषाद ने उपस्थित सभी को योगाभ्यास करवाया। इसमें बीआईओपी स्कूल, डीएवी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, प्रकाश विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित महिलाओं ने भी योगाभ्यास किया।

विष्णु के सुशासन में जनता के साथ विपक्ष भी खुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने से जनता और किसान बहुत खुश हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक ट्वीट का हवाला देते हुए कश्यप ने कहा कि जनता तो जनता, विपक्ष के नेता और कांग्रेस के नेता पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने धान की खेती करते हुए बहुत हर्ष के साथ एक पोस्ट किया है, जिसमें वह बहुत खुश दिख रहे हैं।

प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने कहा कि बघेल को भी अब धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी और वह भी चार किश्तों में नहीं मिलेगी, बल्कि एकमुश्त मिलेगी। इसी प्रकार धान की खरीदी कांग्रेस की तरह 15 क्विंटल नहीं, बल्कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ की जा रही है। यही तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन है। जिसमें जनता के साथ-साथ विपक्ष के कांग्रेस के नेता यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री भी प्रसन्न हैं। कश्यप ने कहा कि भूपेश बघेल ने बड़े हर्ष के साथ धान की खेती की तैयारियों का जायजा लिया है। ऐसा हो भी क्यों न, आखिरकार उन्हें भी पूरे 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की कीमत मिलेगी। अब कांग्रेस की सरकार तो चली गई और विष्णु के सुशासन में सब खुश हैं। कश्यप ने कहा कि बघेल भाजपा की प्रदेश सरकार के खिलाफ चाहे जितना अनर्गल प्रलाप करके प्रदेश में अपने राजनीतिक झूठ का रायता फैलाएं, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार के किसान हित के फैसलों का लाभ बघेल को भी उतना ही मिला है और आगे भी मिलेगा, जितना प्रदेश के किसानों के भाजपा की सरकार से मिला है और आगे भी मिलेगा। कश्यप ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने नए कार्यकाल के कामकाज की शुरूआत ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की फाइल को हस्ताक्षरित करके की और महज 11-12 दिनों में किसान सम्मान निधि जारी करने के साथ ही केंद्र सरकार ने धान समेत तमाम फसलों के समर्थन मूल्य में इजाफा करके किसानों के चेहरों पर खुशहाली की रौनक ला दी है।

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) पर आधारित विकासखण्ड स्तरीय 4 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन आज डीएव्ही उल्लूर भोपालपटनम एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल संगमपल्ली में किया गया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देशानुसार कक्षा 1 से कक्षा 3 तक अध्यापन करने वाले शिक्षकों को 19 से 22 जून तक एफएलएन प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण हेतु तीन जोन बनाए गये। जोन 1 एवं जोन 2 के शिक्षकों का प्रशिक्षण डीएव्ही स्कूल उल्लूर भोपालपटनम के कक्ष क्रमांक 1 एवं 2 में तथा जोन 3 के शिक्षकों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद स्कूल संगमपल्ली में आयोजित किया गया। प्रत्येक जोन में शिक्षकों की संख्या 60-60 निर्धारित की गई थी। किन्तु कुछ शिक्षकों ने अपनी स्वेच्छा से इस प्रशिक्षण में अपनी उपस्थिति दी। जिससे शिक्षकों की उपस्थिति प्रत्येक जोन में 70 से अधिक रही। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर सह डीआरजी अरब खान ने बताया कि एफएलएन में भाषा शिक्षण एवं गणित शिक्षण के चार ब्लाक पद्धति, स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम पुस्तकालय, जादुई पिटारा, बहुभाषा के साथ-साथ नई शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2022 बुनियादी स्तर एवं नवाजतन पर विस्तृत रूप से शिक्षकों को पीपीटी के माध्यम से, गतिविधियों तथा सामुहिक चर्चा के माध्यम से समझाया गया। इस शिक्षण सत्र 2024-25 में एससीईआरटी के द्वारा तैयार शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका एवं पाठ्यपुस्तक पर विशेष रूप से कार्य करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा में कई बदलाव किये जा रहे हैं। जिसके लिये शिक्षकों को समय-समय पर अपडेट होने की आवश्यकता है। शिक्षकों को परंपरागत शिक्षण के स्थान पर प्रौद्योगिकी के साथ-साथ आज के परिवेश पर अधारित शिक्षण देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रवीणलाल कुडेम ने कहा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये कार्य करें। प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनर एसआरजी कुजाम एवं केशव प्रसाद साहू, डीआरजी सह मास्टर ट्रेनर हरीश उप्पल, चन्द्रशेखर अप्पाजी, केजी. यादगिरी, नीतेश साहू, लक्ष्मीनारायण बोड़दल, रविन्द्र वर्मा, चिम्मनलाल चन्देल, रविन्द्र मोरला एवं विश्वनाथ बैगा के द्वारा दिया गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि सुधाकर आनकारी, बीईओ प्रवीणलाल कुडेम, विशेष अतिथि डीएव्ही के प्राचार्य पात्रा, एपीसी श्रीनिवास एटला, बीआरसी शंकर यालम, मण्डल संयोजक नंदकुमार मारकोण्डा मीडिया प्रतिनिधि इरशाद खान, समस्त संकुल समन्वयक एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय कार्यों की समीक्षा की

जगदलपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कमिश्नर और कलेक्टर की बैठक लेकर नवीन न्याय संहिता 1 जुलाई से लागू होने आऊटरीच ईवेंट की तैयारी एवं क्रियान्वयन, ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, खरीफ 2024 हेतु खाद एवं बीज का भण्डारण-वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लाभार्थी कृषकों का सेचुरेशन, वर्ष 2024 में अब तक लोक सेवा गारंटी में आने वाले राजस्व प्रकरणों का संस्थापन, निराकरण एवं शेष लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अभियान, राजस्व नक्शों में सुधार के लंबित प्रकरण एवं निराकरण हेतु अभियान, राजस्व नक्शों के जिओ रिफरेन्सिंग हेतु प्राप्त सैटेलाईट नक्शों के मिलान-सत्यापन की प्रगति, श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने की प्रगति, वर्ष 2024 में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जब्ती अभियोजन एवं राजसात की प्रगति, नारी शक्ति से जलशक्ति अभियान की तैयारी, सड़क दुर्घटना-आवारा मवेशी पर नियंत्रण हेतु कार्रवाई, विकसित छत्तीसगढ़ 2047 दस्तोवज तैयारी और जिला स्तर पर जल जीवन मिशन योजनाओं की वास्तविक पूर्णता के सम्बन्ध में चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर विजय दयाराम के., सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी और संबंधित विभागों के अधिकारी जुड़े थे।

ग्रामीणों के अनशन के पहले प्रशासन ने डामर प्लांट संचालित करने पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत नकुलनार के वार्ड क्रमांक 3 और 4 में अवैध रूप से संचालित डामर प्लांट से ग्रामीण परेशान थे। जिसकी खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की। खबर का असर हुआ और डामर प्लांट को प्रशासन ने 22 जून को आदेश जारी कर संचालित करने पर रोक लगा दिया है। ग्रामीणों के शिकायत करने के बावजूद ठेकेदार डामर प्लांट संचालित कर रहा था, जिसके चलते ग्रामीणों में ठेकेदार के प्रति आक्रोश था। ग्रामीण इस डामर प्लांट के विरुद्ध 23 जून को धरना प्रदर्शन करने की तैयारी में थे। लेकिन एक दिन पूर्व प्रशासन के प्लांट रोक के आदेश के बाद ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन रोक दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन के इस आदेश का हम स्वागत करते है और प्रशासन के ऊपर पूरा भरोसा करते है कि आगे इस प्लांट को संचालित नहीं किया जाएगा। साथ ही प्रशासन प्लांट को बस्ती के बीच से हटाने के लिए भी जल्द पहल करेगा, ठेकेदार को पहले भी प्रशासन ने प्लांट बंद कर हटाने का आदेश दिया था, परंतु ठेकेदार ने पुनः प्लांट संचालित कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक ठेकेदार प्लांट दूसरी जगह स्थानांतरित नहीं करता है, तब तक लोग परेशान होते रहेंगे। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द जल्द से उक्त डामर प्लांट को हटाने की मांग की है।

खबर का असर

भाजपाइयों ने मनाई डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

भारतीय जनता पार्टी बस्तर मंडल में रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के सद्भावना भवन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दिनेश कश्यप उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए उनके बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देकर जम्मू कश्मीर के सर्वांगीण विकास हेतु धारा 370 और 35 ए को समाप्त करने की प्रेरणा का बीजारोपण करने वाले, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके ही प्रेरणा से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में कानून लाकर धारा 370 और 35 ए को समाप्त करके उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष उदबोराम नाग व रामानंद मिश्रा ने भी उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शालीन सैमसंन, रविशंकर शुक्ल, राकेश ठाकुर, चमरू यादव, जयप्रकाश ठाकुर, पूरन मौर्य, बनमाली यादव, किरण सेठिया, महेश मौर्य, रमेश ठाकुर, दामू ठाकुर, हरचंद बघेल, सुखदेव मंडावी, चुन्नू लाल ठाकुर, ईश्वर खम्बारी, नरपत बघेल, मानशाय बघेल, चक्रो सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तोकापाल, चित्रकोट एवं परचनपाल में सामूहिक योग



जगदलपुर। 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के मुख्य आतिथ्य में डिमरापाल, चित्रकोट व तोकापाल ब्लाक के सामुदायिक भवन में योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक ने अपने सदेंश में योग के लाभ एवं नियमित योग से अपने शरीर के अलावा मन को स्वस्थ रखने और बेहतर समाज के निर्माण में कैसे योगदान दें बताया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर परचनपाल में एनसीसी बालिका कैडेट के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सामूहिक योगाभ्यास किया गया जिसमें सैकड़ों एनसीसी कैडेट व विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास किया। छग गर्ल्स बटालियन एनसीसी परचनपाल के कमान अधिकारी कर्नल अमित आदर्श डिप्टी कैप कमांडेंट डीवी भास्कर एवं सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह की अगवाई में यूनिट के प्रथम 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में हुआ। प्रशिक्षण शिविर 29 जून तक चलेगा इसमें बस्तर संभाग के पांच जिलों के 350 से अधिक कैडेट और एनसीसी अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस शिविर में कैडेटों को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ देश प्रेम सेवा भाव प्राकृतिक आपदा प्रबंधन प्राथमिक चिकित्सा और यातायात नियमों की जानकारी भी दी जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों ने योगाभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छग बालिका बटालियन परचनपाल और 9 व 10 छग (स्वतंत्र) कंपनी जगदलपुर के एनसीसी कैडेट ने बस्तर जिले के प्रसिद्ध चित्रकूट जलप्रपात पर योगाभ्यास कर उपस्थित जन समुदाय को योग की महत्ता का संदेश दिया इस आयोजन में लगभग 150 एनसीसी कैडेट अधिकारी एवम कर्मचारी शामिल हुए।

थोड़ी सी बारिश से सड़क में पानी ...

जगदलपुर। लालबाग आमागुड़ा सोढ़ी पेट्रोल पंप के सामने वाली गली में बरसात के समय जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। वार्डवासियों ने बताया कि थोड़ी सी बारिश में इस गली में पानी भर जाता है जिससे रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वार्डवासियों ने निगम प्रशासन से इस गली में हो रही जलभराव की स्थिति से राहत दिलाने की अपेक्षा की है।

किसान उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

कृषि विज्ञान केन्द्र गीदम दन्तेवाड़ा में समृध्द किसान उत्सव का आयोजन किया गया। यह कृषि जागरण एवं महिन्द्रा ट्रेक्टर के संयुक्त तत्वाधान में दण्डकारण्य सभागार कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित किया गया। समृध्द किसान उत्सव में महिन्द्रा ट्रेक्टर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से किसानो को विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन दिखाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरज पंसारी उपसंचालक कृषि एवं डिप्रोशन बंजारा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र एवं महिन्द्रा ट्रेक्टर एंजेसी से चिरंजीवी कुमार एवं सुनिल कुमार उपस्थित थे। इस दौरान जिले के सभी ब्लाक के 100 से भी अधिक संख्या में प्रगतिशील कृषक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि के द्वारा किसानों को विभाग में चल रही योजनाएँ जैसे कि फसल बीमा योजना, धान एवं मिलेटस का बीज उत्पादन, आगामी समय में दलहनी एवं तिलहनी फसलों के बीज उत्पादन का कार्यक्रम, किसानों के जैविक प्रमाण पत्र के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। साथ ही साथ ही किसानों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी किया गया। तत्पश्चात जिले के प्रगतिशील कृषक शैलेष अटामी जो कि अपने प्रक्षेत्र में समन्वित कृषि प्रणाली करते है उन्होनें अपने प्रक्षेत्र में लगी पौधे जैसे- नारियल, केला, अमरूद एवं अनानाश से होने वाले लाभ की जानकारी प्रजेन्टेशन के माध्यम से किसान भाइयों के साथ साझा किया। प्रगतिशील कृषक रामप्रसाद वेको के द्वारा किसान भाईयो को पौध नर्सरी, बायाफ्लोक एवं फलवर्गीय पौधो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

5 मोटरबोट, 10 लाइफ जैकेट, 57 लाइफ बॉय, 6 अल्का लाइट, 2 पिनेकाल लाइट समेत अन्य साजो सामान से लैस है बाढ़ राहत टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दक्षिण-पश्चिम मानसून के बस्तर में सक्रिय होने के बाद भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति से निपटने बस्तर जिला प्रशासन मानसून के पूर्व सभी तैयारी पूरी कर ली है। कलेक्टर विजय दयाराम के. के मुताबिक जिला कार्यालय में 2 कर्मचारियों की 24 घण्टे ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा जिले की प्रमुख इन्द्रावती नदी समेत अन्य सहायक नदी नालों में बाढ़ के दौरान जलवृद्धि की जानकारी राजधानी रायपुर को मिनट-टू-मिनट साझा करेंगे। जिसके बाद राहत, बचाव व आपदा व्यवस्था में कोई दिक्कतें नहीं होगी। कलेक्टर के मार्गदर्शन में एसडीआरएफ होमगार्ड के गोताखोर जवान और बाढ़ के दौरान जरूरी साजो सामान के साथ एसडीआरएफ व होमगार्ड प्रभारी कमांडेंट एसके मार्बल ने तैयारी कर रखी है। एसडीआरएफ होमगार्ड्स के जवान इन्द्रावती नदी स्थित महादेव घाट में सप्ताह भर पहले बाढ़ के पूर्व मॉकडील किया है। इस दौरान टीम के साथ पूरा साजो सामान तीन मोटर बोट,10 लाइफ जैकेट,57 लाइफ बॉय ट्यूब,6 अलका लाइट,2 पेनिकल लाइट,3 स्क्यूबाल ड्रायविंग सूट,3 अंडर वाटर कैमरा व अन्य सामानों का प्रदर्शन किया गया। बस्तर जिला प्रशासन का दावा है कि बाढ़ के दौरान जिले के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में आपदा राहत के सभी उपाय करा दिए गए हैं।

दो दिन के प्रवास के दौरान दो दर्जन से अधिक ग्रामों का किया भ्रमण

वर्षों पूर्व के प्रवासों को तरोताजा करने पहुंचे साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय अपने दो दिवसीय प्रवास पर सुकमा पहुंचे। इस दौरान तोंगपाल से लेकर कोन्टा तक संघ व भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट कर चर्चा की। शनिवार को भाजपाईयों ने सादगी पूर्ण तरीके से संगठन महामंत्री का जन्मदिन मनाया। वे शुक्रवार को सुकमा जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होने 2013-14 के दरम्यान बतौर प्रचारक कार्य करते हुए बिताये हुए पलों को तरोताजा किया। तोंगपाल, पुसपाल से लेकर दोरनापाल, कोन्टा तक कार्यकर्ताओं से मिलकर कुशलक्षेम पुछा। पुसपाल से होते हुए जब धोबनपाल आ रहे थे तब छिंदगढ़ ब्लॉक के किंदरवाड़ा के विरेन्द्र नाग के आवास के सामने रूक गये। बताया गया कि वे जब 2013-14 के दौरान प्रचारक थे तब इस ग्राम में प्रवास किये थे। किंदरवाड़ा में विरेन्द्र नाग के परिजनों से मुलाकात कर चर्चा की। उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष हुंगाराम मरकाम के गृहग्राम धोबनपाल पहुंचे जहां उनके बड़े भाई के निधन उपरांत परिजनों को सांत्वना दी। ढांढस बंधाते कहा कि इस दुख की घड़ी में हम साथ है। इस दौरान सांसद महेश कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष बारसे धनीराम, मंडल महामंत्री विकास भदौरिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नगर व ग्राम चुनाव के लिए हो जाये तैयार

पवन साय ने कहा कि आने वाले दिनों में नगरीय निकाय व ग्राम पंचायतों के चुनाव होने है, जिस तरह से लोकसभा में भाजपा को लीड मिली है वो आने वालो दिनों में भी बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता पुरी तन्मयता के साथ संगठन हित में कार्य करें।

आधी रात कार्यकर्ताओं के घर पर दी दस्तक

संगठन महामंत्री ने घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोन्टा दोरनापाल के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट कर विधानसभा व लोकसभा चुनाव पर चर्चा की। इस दौरान कोन्टा में सोयम मुक्का, सुभाष चर्तुवेदी के निवास पहुंच कर भेंट की। कोन्टा के मणिकेश्वर मंदिर दर्शन कर क्षेत्र के शांति के लिये पूजा अर्चना की। वहीं स्थानीय विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से भेंट कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही विधानसभा व लोकसभा में कोन्टा मंडल द्वारा किये गये सरहानीय कार्य की सराहना की। इस दौरान वे झापरा स्थित बारसे परिवार से मिलकर कुशलक्षेम पुछा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष के निवास पर पहुंच कर परिजनों से भेंट की।

खबर संक्षेप

गोंचा पर्व में शामिल होने मुख्यमंत्री को आमंत्रित करेगा समिति

जगदलपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने ट्वीटर एक्स के माध्यम से बस्तर गोंचा पर्व की शुरुआत पर बस्तर सहित प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा हम सब पर सदैव बनी रहे कामना की है। उन्होंने कहा है कि 617 वर्षों से मनाए जा रहे बस्तर गोंचा पर्व में जगदलपुर के जगन्नाथ मंदिर में चंदन जात्रा पूजा विधान किया गया और देव विग्रहों को चंदन से स्नान कराया गया। इस पर्व के अंतर्गत अनवरत 27 दिनों तक विभिन्न धार्मिक रस्में निभाई जाएंगी। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी एवं बस्तर गोंचा पर्व समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बस्तर वासियों को गोंचा पर्व की शुभकामनाए प्रेषित किये जाने पर आभार व्यक्त करते बताया कि आगामी दिनों में मुख्यमंत्री को आमंत्रण देने 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज एवं बस्तर गोंचा समिति का एक प्रतिनिधि मंड़ल रायपुर जाएगा।

हरेक शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ

जगदलपुर। मातृशक्तियों ने धरमपुरा स्थित बजरंगबली मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। विश्व हिंदु परिषद तथा बजरंगदल के सनातनी लोगों ने कुछ महीने पहले हर शनिवार बजरंगबली मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ शुरू किया था। जिसमें बच्चे, युवा और महिलाएं शामिल हो रहे हैं।

भारत की एकता और अखंडता के लिए डा. श्यामा प्रसाद का बलिदान नहीं भुलाया जा सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को भाजपा तोकापाल मण्डल द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं पौधरोपण कर उन्हें याद किया गया। पूर्व विधायक संतोष बाफना ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं उपस्थित भाजपाईयों ने उन्हें स्मरण किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों पर चलने का संकल्प लेते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में डॉ. मुखर्जी की याद में पौधरोपण किया। संतोष बाफना ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हम सभी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी नीतियों का ही परिणाम है कि आज केन्द्र में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देश की खातीर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया और उनके बलिदान को याद रखा। जम्मू कश्मीर को एक करने के लिए धारा 370 व 35-ए को समाप्त कर उनके सपनों का जम्मू कश्मीर बनाया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रैतूराम बघेल, तोकापाल मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, रितेश जोशी, अनंतराम कश्यप, संतोष त्रिपाठी, रूपेश जैन, मुन्ना कश्यप, सुलेश, गुलाब सिंह ठाकुर, पदमनी कश्यप, रायमती बघेल, सोनमती कश्यप, वंदना धुरव, बंटी ठाकुर, बंशीलाल, पिलाराम कश्यप, लैखन बघेल, साधुराम मंडावी, लक्ष्मण राणा समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बलिदान दिवस पर कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

डा. मुखर्जी को याद कर लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ करपावंड

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में करपावंड भाजपा मंडल ने मनाते हुए श्रद्धांजलि देकर उनके प्रेरक विचारों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान विचार के पुरोधा डा. मुखर्जी ने कश्मीर से धारा-370 को हटाने के लिए आंदोलन किया। उन्हें राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राण त्यागने पड़े। इस दौरान करपावण्ड के रेस्ट हाउस व वन-धन केन्द्र में पौधरोपण किया गया। जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, मंडल प्रभारी नारायण बिसाई, मंडल अध्यक्ष परीस बेसरा, महामंत्री पुलकेश्वर पांडेय, ओमप्रकाश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष बिसम ठाकुर, लखमु राम, लोकेन्द्र निषाद, नोतन कर्मा, पितम देवांगन, दसरु राम, लखेश्वर बघेल, नरसिंह बघेल समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मातागुड़ी, देवगुड़ी, घोटूल, मृतक स्मारक धरोहर स्थलों के आसपास किया जाएगा पौधरोपण

जगदलपुर। आदिवासी एवं अन्य परम्परागत वन निवासियों का जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ सेवी-अर्जी स्थलों पर अटूट आस्था रखते हैं। देव-माता गुड़ी स्थल के आसपास वृक्षों को देवता समतुल्य मान्यता है, गुड़ी स्थल पर स्थित पेड़ पौधों को संरक्षित रखा जाता है। इसी भावना के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार बस्तर क्षेत्र के सभी देवगुड़ी, मातागुड़ी, प्राचीन मृतक स्मारक स्थलों के आसपास लक्ष्य अनुरूप अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण करने की कार्ययोजना है। कमिश्नर श्याम धावड़े ने बताया कि संभाग के सातों जिलों में 7055 देवगुड़ी-मातागुड़ी, जारी 3455 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में 2607.200 हेक्टेयर रकबा में 5 लाख 62 हजार 500 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

ढोढरेपाल के 6 किसानों के नाम पर सरकारी धन की लूट

दस्तावेजों में ही उगा डाले उद्यानिकी विभाग ने 21 लाख में अमरुद के 1623 पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

बकावंड ब्लॉक के उद्यानिकी विभाग के एक मामले में कथित हितग्राही किसानों को भी पता नहीं है कि उनकी जमीन पर अमरुद के पेड़ उग आए हैं। अमरुद पौधरोपण में संबंधित किसानों के परिजनों को रोजगार देने का दावा उद्यानिकी विभाग ने किया है मगर किसानों को नहीं मालूम कि उन्हें कभी रोजगार मिला था। योजना का लाभ भले ही हितग्राही किसानों को न मिला हो, लेकिन विभागीय अधिकारी मालामाल हो गए हैं। लगभग 21 लाख रुपए का गोलमाल अमरुद पौधरोपण में होना बताया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग ने 2021 में हितग्राही मूलक पौधरोपण योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोढरेपाल के किसान बुधसिंह और छह अन्य किसानों की निजी जमीन पर अमरुद के 1623 पौधे लगाने के लिए 21 लाख 37 हजार 300 रुपए जिला खनिज निधि फंड और एनएमएच से स्वीकृत करा लिए, लेकिन इस रकम से किसी भी किसान की जमीन पर अमरुद के पौधे लगाए ही नहीं गए। वहीं मनरेगा के तहत काम कराने के नाम पर किए गए इस खेल में मस्टररोल पर 521 मानव श्रम दिवस तक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का उल्लेख करते हुए 4 लाख 51 हजार 649 रुपए 88 पैसे का मजदूरी भुगतान दर्शाया गया है। जबकि न तो किसी किसान की जमीन पर अमरुद का पौधरोपण किया गया है और न ही किसी को एक दिन भी रोजगार दिया गया है। पूरी राशि का आहरण किश्तों में की गई है। ग्राम पंचायत ढोढरेपाल के किसान बुधसिंह और अन्य 6 किसानों की जमीन का चयन किया गया था, लेकिन उद्यानिकी विभाग के अधीक्षक ने सबसे मिलीभगत करके योजना को केवल कागजों में ही निपटा दिया।

यह योजना बकावंड ब्लॉक की तीन अन्य ग्राम पंचायतों में लागू की गई है मगर ढोढरेपाल में बड़ा खेल किया गया है।

न पेड़ों का पता है, न किसानों को लाभ मिला



जांच की जाएगी

यह 2023 का मामला है अत: तुरंत कुछ कह नहीं सकता, किंतु मामले की जांच करता हूं।

सुरेश ठाकुर,
डीडी उद्यानिकी विभाग जगदलपुर

बिजली समस्या कैसे कम होगी इसका जवाब विभाग नहीं दे रहा

जगदलपुर। गर्मी भर बिजली के आंख मिचौली से लोग परेशान रहे कभी मेंटेनेंस के नाम पर तो कभी बिना कारण दिन रात कईयों बार बिजली का आना जाना लगा रहा। अब बारिश का मौसम है विभाग के सामने बरसात में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाने की चुनौती है। पब्लिक वाइस के रोहित सिंह आर्य ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि विभाग को सात सवालों का सात दिनों में जवाब देने लिये ज्ञापन सौंपा गया था। विभाग ने तेरह दिनों बाद जनता के नाम से औपचारिक जवाब दिया। अब विभाग के जवाब पर फिर से सवाल किया गया है। उन्होंने कहा विभाग पल्ला झाड़ते ही दिख रहा है। विभाग ने पूरे पत्र में समस्या ही समस्या गिनाई है पर यह नही बताया है कि इन समस्याओं से कैसे निपटा जाएगा और कैसे बरसात के समय लोगों को निर्बाध बिजली की गारंटी दी जाएगी। उन्होंने कहा बिना तेज हवा और बारिश के भी घंटों दिन रात लाइट बंद हो रही है। विभाग असहाय व असमर्थ दिख रहा है। बरसात में किट, पतंगों, सांप, बिच्छुओं और मच्छरों का खतरा रहता है इस दौरान निर्बाध बिजली जैसी बड़ी चुनौती से कैसे निपटेगा विभाग यह बात लोगों को बताना चाहिये।

सामुदायिक भवन के लिए अनुदान राशि की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग के विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव को ज्ञापन देकर समाज को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए अनुदान राशि की मांग की। समाज के अध्यक्ष सुदर्शन विश्वकर्मा ने ज्ञापन में बताया कि समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु ग्राम गरावंडकला में भूमि सामुदायिक भवन हेतु समाज के अधिपत्य में है। हमारा समाज पिछड़ा हुआ है, हमें सामाजिक दायित्व एवं शादी विवाह कार्यकम के लिए अन्य समाज के भवन को किराए पर लेकर कार्यक्रम सम्पंन कराना पड़ता है। इस संबंध में समाज द्वारा कई आवेदन दिए गए है, समाज के भवन निर्माण हेतु आज तक अनुदान राशि स्वीकृत नहीं हुई है। इसलिए समाज को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए अनुदान राशि की मांग की।

लामनी पार्क में पर्यटक कर रहे सायकिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर से 6 किमी दूर स्थित लामनी पार्क में लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है, जिसके चलते वन विभाग की ओर से पार्क में पर्यटकों के लिए सायक्लिंग यात्रा शुरू हो गई। पर्यटक सुबह एवं शाम को वाकिंग के दौरान पार्क सायक्लिंग कर रहे हैं, जिससे पार्क की आय बढ़ी। दूसरी ओर घुड़सवारी के लिए पर्यटकों के बच्चों की कतार लग रही है। पार्क में सप्ताह में शनिवार एवं रविवार के अलावा अवकाश के दिन पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। इसके अलावा पार्क में पक्षियों के घरौंदा में पक्षियों को पर्यटकों ने देखा। विभाग के वनपाल उदयनाथ सिंह के नेतृत्व में स्व-सहायता समूह की महिलाएं पर्यटकों की सुविधा के शाम तक जुटे रहे। परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सिंह वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से पक्षियों का घरौंदा और पार्क की साफ-सफाई एवं चिड़ियों को दाना देने का कार्य स्व-सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं।

विभाग के डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि पार्क बैलगाड़ी सेल्फी जोन बनाया जाएगा, इससे भी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। साथ ही पार्क के प्रभारी को निर्देश दिया कि पार्क में पहुंचने वाले पर्यटकों का ध्यान दें, जिससे पार्क की आय बढ़ सके।

28 जून को प्रस्तावित बंद को समर्थन नहीं : बोमड़ा

गीदम। आदिवासी महासभा के अध्यक्ष बोमड़ा कोवासी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आगामी 28 जून को तथाकथित एनएमडीसी बंद को समर्थन नहीं देने की बात कही है। उन्होंने दो टूक यह भी कहा कि बगैर किसी अधिकृत सूचना या सहमति के यह अफवाह फैलाया गया है, जिसका कोई औचित्य नहीं है। आम जनता और प्रबंधन से यह अपील है कि इस भ्रामक प्रचार को खारिज करें और नियमित कार्यों का संपादन करें। आदिवासी महासभा अध्यक्ष बोमड़ा कोवासी ने कहा कि इस बंद की उन्हें कोई भी जानकारी नहीं है। यह जरूर किसी तत्व की शरारत है। इसे कोई भी गंभीरता से न ले एवं आदिवासी महासभा के सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि इस फैलाये हुए मिथ्या प्रचार का हिस्सा न बने। एक दूसरे को इस विषय में सूचना देवे कि किसी भी प्रकार का बंद का आयोजन पदाधिकारियों की उपस्थिति, लिखित सहमति के आधार पर ही मान्य हो सकता है।

लोहण्डीगुड़ा मण्डल में मना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

जगदलपुर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर लोहंडीगुड़ा भाजपा मंडल ने श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया। इस दौरान उनके प्रेरक विचारों को याद किया गया। देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान विचार के पुरोधा डा. मुखर्जी ने कश्मीर से धारा-370 को हटाने के लिए व्यापक आंदोलन किया। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राण त्यागने पड़े। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रभान कश्यप, जिला महामंत्री बसंत कश्यप, मंडल अध्यक्ष नरसिंग ठाकुर, बलीराम बघेल, सावेंद्र सेठिया, भरत कश्यप, शिवनंदन पेगड़, बोंजा मौर्य, पीलू राम बघेल, सीताराम मण्डावी, तरूण पानीग्राही सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

100 से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण

पेड़-पौधे जीवन का मूल आधार: साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

साहू समाज ने रविवार को तेतरकुटी में विभिन्न स्थानों पर करीब 100 से अधिक पौधों का रोपण किया। इस दौरान साहू समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू ने कहा कि धरती पर पेड़-पौधे हमारे जीवन का मूल आधार है। ये नहीं होंगे तो धरती पर पानी नहीं बरसेगा और ना ही खेती होगी। आज पृथ्वी पर लगातार पेड़ कटने के कारण प्राकृतिक आपदाएं हो रही है। तेतरकुटी, अघनपुर, धरमपुरा के समाज के सदस्यों ने कहा कि अब समाज के सदस्यों के जन्मदिन, छट्ठी कार्यक्रम, वर्षगांठ तथा अन्य प्रमुख आयोजनों पर पौध लगाने की परिपाटी बनाएंगे। सदस्यों ने साहू समाज भवन, माता मंदिर, प्राथमिक शाला, हिंगलाजिन माता मंदिर प्रांगण में पौधों का रोपण किया। इस दौरान मोहन साहू, देवनारायण साहू, बुधेलाल साहू, जोहन राम साहू, भोजराम साहू, लाल बहादुर साहू, संतोष साहू सहित नागरिक उपस्थित रहे।

बहुप्रीक्षित मांग और जगदलपुर से रायपुर तक फोरलेन पर फर्राटेदार सफर का सपना अब तक अधूरा : बाफना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नेशनल हाइवे 30 के अंतर्गत धमतरी से जगदलपुर टू-लेन पेव्ड शोल्डर सड़क मार्ग को फोरलेन बनाने के लिए पिछले कई सालों से पूर्व भाजपा विधायक संतोष बाफना लगातार केन्द्रीय मंत्रियों एवं समय-समय पर बस्तर प्रवास पर आए जनप्रतिनिधियों को पत्र सौंपकर बस्तर की वर्षों पुरानी मांग के लिए आवाज उठाते रहे हैं। किन्तु हर बार बस्तरवासियों की बहुप्रीक्षित मांग और जगदलपुर से राजधानी रायपुर तक फोरलेन पर फर्राटेदार सफर का सपना अब तक अधूरा है। पूर्व विधायक ने रायपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर धमतरी से जगदलपुर टू-लेन पेव्हड शोल्डर सड़क मार्ग को फोरलेन में तब्दील करने केन्द्र सरकार को अवगत कराने मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उक्त सड़क मार्ग पर यातायात का दबाव है। यातायात के बढ़ते दबाव के चलते यहां आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। आलम ये है कि औसतन हर रोज दस से बारह हादसे हो रहे हैं। टू-लेन पेव्ड शोल्डर चौड़ाई की यह सड़क अब खून की प्यासी हो गई है और हर रोज मौत परोस रही यह खूनी सड़क से राहगिरों को दर्द हो रहा है लेकिन हमदर्द बेपरवाह बने हुए हैं। एनएच का ठप्पा लिए बैठी धमतरी-जगदलपुर मार्ग सिर्फ नाम की एनएच है, सुविधाएं रत्ती भर भी नहीं है। इस मार्ग पर सुरक्षित सफर की कल्पना करना ही बेमानी है हर कदम पर मौत मुंह बाए खड़ी है।

- धमतरी से जगदलपुर टू-लेन पेव्ड शोल्डर सड़क को फोरलेन बनाने बाफना ने सीएम को लिखा पत्र

राज्य स्तर पर हो प्रयास

मामले की गंभीरता को देखते हुए संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री से राज्य सरकार स्तर पर प्रयास करने का आग्रह कर कहा है कि एनएच क्रमांक 30 बस्तर आदिवासी अंचल को राजधानी रायपुर से जोड़ता है। रोज हजारों वाहन इससे गुजरते हैं जिससे आवागमन में दिक्कतें बढ़ रही हैं। इस एनएच पर यातायात दबाव को देखते हुए इसे टू-लेन पेव्ड शोल्डर से फोर लेन में परिवर्तित किए जाने की जरूरत है। यदि आप केन्द्र सरकार के समक्ष यह मांग रखें तो उक्त सड़क मार्ग फोर लेन में तब्दील करने की कार्यवाही संपादित हो सकती है।

केन्द्रीय मंत्री गडकरी से आग्रह किया था

संतोष बाफना ने कहा पूर्व में भी उन्होंने बढ़ते हुए यातायात दबाव को देखते हुए केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया था। उसके जवाब में केन्द्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने पत्र भेजकर मुझे जानकारी दी है कि सड़कों के चौड़ीकरण के लिए निर्धारित तय मानकों के अनुसार यातायात 10,000 पीसीयू (पैसेंजर कार यूनिट) से अधिक होने पर ही सड़कें फोर लेन के लिए योग्य होती हैं। मिली जानकारी अनुसार उक्त मार्ग में राष्ट्रीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड के द्वारा वर्ष 2019-20 में बदईगुड़ा टोल प्लाजा जिला बस्तर में एटीसीसी बेस्ड यातायात सर्वेक्षण कराये जाने पर 9133 पीसीयू प्रतिदिन यातायात पाया गया है। आईएचएमएलसी द्वारा पूर्व में कराया गया यातायात सर्वेक्षण को लगभग 5 वर्ष से भी अधिक हो चुके हैं और वर्तमान में धमतरी-जगदलपुर मार्ग पर यातायात का दबाव भी बहुत बढ़ चुका है। लगभग 14 से 15 हजार छोटे-बड़े वाहन प्रतिदिन इस मार्ग का उपयोग करते हैं। इसे लेकर भी मैंने पुनः एटीसीसी बेस्ड यातायात सर्वेक्षण कराये जाने की मांग की थी लेकिन इसकी भी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो सकी।